BAJAJ BE/OND

JAMNALAL BAJAJ FOUNDATION

PERVIN SAVRAN

DOB: August 14, 1959

Recipient of the International Award for Promoting Gandhian Values Outside India - 2026



Pervin Savran was born into the heart of the millennia-old mobile pastoralist tradition of the Sarıkeçili community in Turkiye. The entirety of her 66 years of life has unfolded along the ancient transhumance migration corridors between the rugged Taurus Mountains and the vast steppes of Central Anatolia. As a woman educated only to the primary school level and living in traditional woven goat-hair tents (kıl çadır), Pervin Savran has sustained an independent, self-reliant way of life shaped by pastoral goat husbandry and seasonal migration. Known affectionately within her community and across civil society as "Pervin Ana" (Mother Pervin) or "Bilge Ana" (Wise Mother) and serving as the President of the Sarıkeçililer Association for Preservation and Solidarity (Sarıkeçililer Yaşatma ve Dayanışma Derneği), she has dedicated her entire life to defending mobile pastoralism, grazing rights, rangeland justice, traditional ecological knowledge, and biocultural heritage.

For centuries, the seasonal migrations maintained ecological balance across the Mediterranean and Anatolian geography. However, the relentless expansion of open-pit mining quarries, hydroelectric dams, modern infrastructure developments, and pasture closures pushed their ancient lifeway to the brink of total extinction. Prior to 2012, grazing in state forestry lands was strictly and comprehensively banned by law, criminalizing an ancient practice that is essential for rangeland biodiversity and forest fire prevention. Witnessing the nomadic families being forcefully severed from their ancestral routes, historical stone cisterns, and grazing pastures compelled Pervin Savran to launch a peaceful, unwavering struggle for their fundamental right to migrate in mutual harmony with the more-than-human world.

Securing Legal Grazing Rights (The 2012 Forest Grazing Regulation): Through persistent and constructive high-level dialogue with public forestry authorities, she spearheaded the advocacy that culminated in the historic 2012 Forest Grazing Regulation, which legally reopened state forest lands to an extensively planned and sustainable grazing, across Turkiye.

Academic Research & Cultural Archiving: Pervin Savran actively collaborated with research teams from Sabancı University and the Institute of Development Studies on extensive grazing governance, wildfire prevention, and carbon footprint dynamics. Concurrently, documented and safeguarded endangered ancestral crafts—such as spindle spinning (kirmen eğirme), goat-hair weaving, traditional pine tar (katran) production, and artisanal dairy processing. This heritage safeguarding effort has been solidified through ethnographic documentation on daily nomadic practices, as well as through various university postgraduate thesis and field studies which are deposited into permanent academic archives.

The direct beneficiaries encompass nomadic Yörük families migrating seasonally between Mediterranean coastal winter lands and Central Anatolian alpine summer pastures. Far

Selection Committee 2026

01

Anu Aga (Chairperson)
Rajagopal P. V. (Co-Chairman)
Amb. Ashok Gokhale
Amb. Bhaswati Mukherjee
Dr. Kirit Parikh
Amb. Lakhan Mehrotra
Amb. Navdeep Suri
Dr. Pramath Sinha
Dr. Shobhana Radhakrishna
Dr. Smita Jassal
Vijay Gokhale
Minal Bajaj (Trustee & Hon. Director)
Shubhangi Karkannavar (Secretary)





Brought the voices of nomadic women to premier international platforms, within the framework of the UN International Year of Rangelands and Pastoralists (2026) to ensure traditional ecological wisdom that directly guides global environmental policymaking.



beyond human communities, the direct beneficiaries include the rangelands, their endangered Mediterranean oak ecosystems, indigenous Anatolian Black Goats (kıl keçisi), native wildlife, and the wider forest landscapes—whose wildfire risks are significantly curtailed because continuous extensive grazing clears highly flammable understory brush and biomass.

Pervin Savran's contributions has secured legal, mapped, and planned grazing rights on public rangelands and forest territories for hundreds of nomadic pastoralist families managing herds of 300 to 700 head of livestock. She has helped in fundamentally shifting public opinion and forestry policy from viewing pastoralism as a destructive "threat" to recognizing it as an indispensable restorative ecological force against wildfires, desertification, and land degradation.

Pervin Savran and her community's mobile pastoralist lifeway and grassroots struggle embody the fundamental principles of Gandhian philosophy of:

- **Ahimsa (Non-Violence & Reverence for Life):** Viewing forests, goats, soil, water sources, and wildlife not as exploitable commercial commodities, but as sacred companions and kin; persistently championing constructive, peaceful civic dialogue.
- **Satyagraha (Soul Force, Truth & Non-Violent Resistance):** Resisting unjust bans and land closures with unwavering moral courage, drawing strength entirely from ecological truth, ancestral legitimacy, and non-violent determination.
- **Swadeshi (Self-Reliance & Local Production):** Weaving their own shelters from goat hair, finding medicinal healing in ancestral pine tar, and sustaining a zero-waste, carbon-minimal life entirely rooted in localized, nature dependent production.
- **Sarvodaya (Welfare & Upliftment of All)**: Through their deeply rooted imece (communal mutual aid) tradition, ensuring during times of crisis that no family, tent, livestock herd, or surrounding non-human living entity is ever left behind.

Pervin Savran's vision is to build an Anatolia and a wider world where ancestral ecological knowledge is recognized as vital climate science, and where ancient transhumance corridors remain open forever for future generations and all living beings.

"Do not view nature as a disposable commodity warehouse to be consumed for short-term gain; if we continue thinking this way, the seas will turn to gasoline and consume us all! Never look upon any living being purely through a commercial lens. We have only one language, one faith, and one identity: and that is Nature. Never sever your bond with the soil, the trees, the tracks of the goats, and the living wisdom of your ancestors. Be courageous in standing for justice; embrace simplicity, self-reliance, and mutual aid. Stand up and protect the millennia-old ancient path of the herd, the woven tent, and the wild."
- Pervin Savran

Mutual Aid & Climate Adaptation: They mobilized grassroots solidarity networks to repair and reconstruct tents damaged during catastrophic winter storms. In periods of severe summer droughts, mapped critical water-depletion zones in high pastures, delivering emergency tanker water and animal fodder directly to historical stone cisterns to sustain both herds and households.



Migration Corridor Governance & Security: Coordinating proactively with the General Directorate of Forestry, civil provincial administrations, and regional law enforcement bodies (Gendarmerie), Pervin Savran ensured the safe, unhindered passage of migrating families across modern transportation infrastructure.



Awards & Recognitions

Certificate of Appreciation by

- Yörük Culture, Solidarity & Assistance Association
- Yörük Turkmen Unity Platform

Plaque of Appreciation by

- Toroslar Municipality
- Menteşe Municipality

Pervin Savran
Head
Sarikecililer Survival and Solidarity Association
Yenidogan Mahallesi, 72542, Sokak No. 7, Cumra, Konya
Turkiye
+905385203788 info@gecci.org
www.gecci.org



पेंरविन साब्रान

जन्म: अगस्त 14, 1959

विदेशों में गांधीवादी मूल्यों के प्रसार के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता - 2026



पेंरविन साब्रान का जन्म तुर्की के सरिकीचिलि समुदाय की सदियों पुरानी खानाबदोश चरवाहा परंपरा में हुआ था. उनका 66 वर्ष का संपूर्ण जीवन बीहड़ टॉरस पर्वतों और मध्य अनातोलिया के विशाल घास के मैदानों के बीच प्राचीन स्थानान्तरण प्रवास के गलियारों में बीता है. महिला होने के नाते केवल प्राथमिक विद्यालय तक शिक्षित और पारंपरिक रूप से बुने हुए बकरी के बालों से बने तंबू में रहने वाली पेंरविन साब्रान ने बकरी पालन और मौसमी स्थलांतर से आकार ले चुकी एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर जीवन शैली को बनाए रखा है. अपने समुदाय और पूरे समाज में प्यार से 'पेंरवीन अना' (माता परवीन) या 'बिलगे अना' (बुद्धिमान माता) के रूप में जानी जाने वाली और सरिकीचिलिलर असोसिएशन फॉर प्रिजर्वेशन एंड सॉलिडेरिटी की अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए, उन्होंने अपना पूरा जीवन घुमंतू पशुपालन, चराई के अधिकारों, चारागाह संबंधी न्याय, पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान और जैव-सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया है.

सदियों से, मौसमी प्रवास ने भूमध्यसागरीय और अनातोलिया के क्षेत्र में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखा है. फिर भी, खुली खदानों, हायड्रोइलेक्ट्रिक बांधों, आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास और चारागाह के बंद होने के कारण उनकी प्राचीन जीवन शैली को पूरी तरह से विलुप्त होने के कगार पर धकेल दिया था. 2012 से पहले, राज्य की वन भूमि में चराई पर कानून द्वारा कड़ाई से और व्यापक रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिससे एक ऐसी प्राचीन प्रथा को अपराधी बना दिया गया जो चारागाह जैव विविधता और जंगल की आग की रोकथाम के लिए आवश्यक है. खानाबदोश परिवारों को उनके पुश्तैनी मार्गों, ऐतिहासिक पत्थर के कुंडों और चरागाहों से जबरन अलग किए जाने की गतिविधियों को देखते हुए पेंरवीन साब्रान को प्रकृतिक दुनिया के साथ आपसी सद्भाव में प्रवास करने के उनके मौलिक अधिकार के लिए एक शांतिपूर्ण, अटूट संघर्ष शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा.

कानूनी चराई के अधिकार सुरक्षित करना (द 2012 फॉरेस्ट ग्रेजिंग रेगुलेशन): सार्वजनिक वानिकी अधिकारियों के साथ लगातार और रचनात्मक उच्च-स्तरीय संवाद के माध्यम से, उन्होंने उस विचार का नेतृत्व किया जो ऐतिहासिक 2012 फॉरेस्ट ग्रेजिंग रेगुलेशन में परिणत हुई, जिसने पूरे तुर्की में बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध और स्थिर चराई के लिए राज्य के जंगल की भूमि को कानूनी रूप से फिर से खोल दिया.

शैक्षणिक अनुसंधान और सांस्कृतिक अभिलेखन: पेंरवीन साब्रान ने व्यापक चराई अधिशासन, जंगल की आग की रोकथाम और कार्बन फूटप्रिंट के पहलुओं पर सबांसी विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज़ की शोध टीमों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया. साथ ही, उन्होंने लुप्तप्राय पुश्तैनी शिल्पों जैसे कि तकली कताई, बकरी के बालों की बुनी हुई सामग्री, पारंपरिक पाइन टार उत्पादन, और पारंपरिक दुग्ध प्रसंस्करण को प्रलेखित और सुरक्षित किया. यह विरासत के संरक्षण का प्रयास दैनिक खानाबदोश प्रथाओं पर वंशविज्ञान के प्रलेखन के माध्यम से, और विभिन्न विश्वविद्यालय पोस्टग्रेजुएट थीसिस और ज़मीनी अध्ययनों के माध्यम से ठोस बनाया गया है जिन्हें स्थायी शैक्षणिक अभिलेखागार में जमा किया जाता है.

प्रत्यक्ष लाभार्थियों में भूमध्यसागरीय तटीय शीत भूमि और मध्य अनातोलियाई अल्पाइन गर्मियों के चारागाहों के बीच मौसमी रूप से प्रवास करने वाले खानाबदोश यूरुक परिवार शामिल हैं. मानव समुदायों से कहीं आगे, प्रत्यक्ष लाभार्थियों में चारागाह, उनके लुप्तप्राय भूमध्यसागरीय ओक पारिस्थितिक तंत्र, स्वदेशी अनातोलियाई ब्लैक बकरी (किल केसीसी), मूल वन्यजीव और

चयन समिति 2026

अनु आगा (अध्यक्ष)
राजगोपाल पी. वी. (सह-अध्यक्ष)
एम्बेसेडर अशोक गोखले
एम्बेसेडर भास्वती मुखर्जी
डॉ. किरीट पारिख
एम्बेसेडर लखन मेहरोत्रा
एम्बेसेडर नवदीप सूरी
डॉ. प्रमथ सिन्हा
डॉ. शोभना राधाकृष्ण
डॉ. स्मिता जस्सल
विजय गोखले
मीनल बजाज (न्यासी & मानद निदेशक)
शुभांगी कर्कण्णावर (सचिव)





प्रवासन गलियारा शासन और सुरक्षा: महानिदेशक वानिकी, सिविल प्रोविंशियल एड्मिनिस्ट्रेशन और क्षेत्रीय कानून प्रवर्तन निकायों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करते हुए, पेंरवीन साव्रान ने आधुनिक परिवहन के बुनियादी ढांचे के बीच प्रवास करने वाले परिवारों के लिए सुरक्षित, बाधा मुक्त मार्ग को सुनिश्चित किया.



यूएन इंटरनेशनल ईयर ऑफ रेंजलैंड्स एंड पैस्टोरलिस्ट्स (2026) के ढांचे के भीतर खानाबदोश महिलाओं की आवाज़ को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुँचाया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान सीधे तौर पर वैश्विक पर्यावरण नीति निर्माण का मार्गदर्शन करता रहे.

व्यापक वन भूमि शामिल हैं - जिनके जंगल की आग का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है क्योंकि निरंतरता से व्यापक तौर पर की जानेवाली चराई अत्यधिक ज्वलनशील अंडरस्टोरी ब्रश और बायोमास को साफ करती है.

पेंरवीन साव्रान के योगदान ने 300 से 700 मवेशियों के झुंड का प्रबंधन करने वाले सैकड़ों खानाबदोश चरवाहे परिवारों के लिए सार्वजनिक चरागाहों और वन क्षेत्रों पर कानूनी, मैप किए गए और योजनाबद्ध चराई के अधिकार सुरक्षित किए हैं. उन्होंने पशुपालन को एक विनाशकारी खतरे के रूप में देखने से लेकर इसे जंगल की आग, मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण के खिलाफ एक अनिवार्य पुन:संयोजित करनेवाले पारिस्थितिक बल के रूप में पहचानने के लिए जनमत और वानिकी नीति को मौलिक रूप से बदलने में मदद की है.

पेंरवीन साव्रान और उनके समुदाय की खानाबदोश चरवाहे की जीवन शैली और जमीनी स्तर का संघर्ष गांधीवादी दर्शन के निम्नलिखित मूलभूत सिद्धांतों का प्रतीक है:

- अहिंसा (अहिंसा और जीवन के प्रति सम्मान): जंगलों, बकरियों, मिट्टी, पानी के स्रोतों और वन्यजीवों को शोषण योग्य व्यावसायिक वस्तुओं के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र साथियों और परिजनों के रूप में देखना; लगातार रचनात्मक, शांतिपूर्ण नागरिक संवादों की वकालत करना.
- सत्याग्रह (आत्मा बल, सत्य और अहिंसक प्रतिरोध): पारिस्थितिक सत्य, पुश्तैनी वैधता और अहिंसक दृढ़ संकल्प से पूरी तरह से ताकत लगाते हुए, अनुचित प्रतिबंधों और भूमि बंद होने का अटूट नैतिक साहस के साथ विरोध करना.
- स्वदेशी (आत्म-निर्भरता और स्थानीय उत्पादन): बकरी के बालों से अपने रहने की जगह बुनना, पुश्तैनी पाइन टार में औषधीय उपचार खोजना, और पूरी तरह से स्थानीय, प्रकृति पर निर्भर उत्पादन में निहित एक शून्य-अपशिष्ट, न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन वाले जीवन को बनाए रखना.
- सर्वोदय (सभी का कल्याण और उत्थान): अपनी गहराई से जुड़ी इमेझे (साझा पारस्परिक सहायता) परंपरा के माध्यम से, संकट के समय यह सुनिश्चित करना कि कोई भी परिवार, तंबू, मवेशी झुंड, या आसपास की गैर-मानवीय जीवित इकाई कभी भी पीछे न छूटे.

पेंरवीन साव्रान की दृष्टि एक ऐसे अनातोलिया और एक व्यापक विश्व का निर्माण करना है जहाँ पुश्तैनी पारिस्थितिक ज्ञान को महत्वपूर्ण जलवायु विज्ञान के रूप में मान्यता दी जाए, और जहाँ आने वाली पीढ़ियों और सभी जीवित प्राणियों के लिए प्राचीन स्थानांतरण प्रवासन गलियारे हमेशा खुले रहें.



पारस्परिक सहायता और जलवायु अनुकूलन: उन्होंने भीषण सर्दियों के तूफानों के दौरान क्षतिग्रस्त तंबू की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए जमीनी स्तर के एकजुटता वाले नेटवर्क तैयार किए. भयंकर गर्मियों के सूखे की अवधि में, उच्च चरागाहों में महत्वपूर्ण रूप से पानी की कमी वाले क्षेत्रों का नक्शा तैयार किया, और झुंडों और परिवारों दोनो को बनाए रखने के लिए ऐतिहासिक पत्थर के कुंडों को सीधे आपातकालीन टैंकर का पानी और पशु चारा पहुँचाया.

"प्रकृति को अल्पकालिक लाभ के लिए उपभोग की जाने वाली डिस्पोजेबल कमोडिटी वेयरहाउस के रूप में न देखें; यदि हम इस तरह से सोचना जारी रखते हैं, तो समुद्र वाष्प में बदल जाएंगे और हम सभी को खा जाएंगे! किसी भी जीवित प्राणी को विशुद्ध रूप से व्यावसायिक चश्मे से कभी न देखें. हमारी केवल एक भाषा है, एक आस्था है, और एक पहचान है: और वह है प्रकृति. मिट्टी, पेड़ों, बकरियों की पगडंडियों और अपने पूर्वजों के जीवित ज्ञान के साथ अपने बंधन को कभी न काटें. न्याय के लिए खड़े होने का साहस दिखाएँ; सादगी, आत्मनिर्भरता और परस्पर सहायता की भावना को अपनाएँ. खड़े हो जाओ और पशुओं के झुंड के सहस्राब्दी पुराने प्राचीन मार्ग, बुने हुए तंबू और जंगल की रक्षा करें"
- पेंरवीन साव्रान



पुरस्कार और सम्मान

प्रशंसा पत्र इनके द्वारा
- यूरुक कल्चर, सॉलिडैरिटी एंड असिस्टेंस असोसिएशन
- यूरुक तुर्कमेन युनिटी प्लेटफॉर्म

प्रशंसा पट्टिका इनके द्वारा
- टोरोसलर म्युनिसिपैलिटी
- मेंतेसे म्युनिसिपैलिटी

पेंरवीन साव्रान

प्रमुख, सरिकीचिलिलर सर्वाइवल एंड सॉलिडेरिटी एसोसिएशन
येनिडोगन महालेसी, 72542, सोकाक नं. 7, कुमरा, कोन्या
तुर्की
+905385203788 www.gecci.org
info@gecci.org

